आकाशवाणी शिमला

21.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / रितेश कपूर / 1800बजे

विश्व योग दिवस

दुनिया भर में आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। देश में मुख्य समारोह श्रीनगर के शेर–ए–कश्मीर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित किया गया जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने योग सत्र में भी भाग लिया। उन्होंने अपने संबोधन में शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास में योग के महत्व पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया भर योग अपनाने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है और इसकी उपयोगिता को भी लोग पहचान रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्व नेता अपनी बातचीत के दौरान योग पर अक्सर चर्चा करते हैं। नरेंद्र मोदी ने कहा कि योग आज शोध का विषय बन गया है और कई शोध पत्र पहले ही प्रकाशित हो चुके हैं। प्रधानमंत्री ने पिछले 10 वर्षों में योग के विस्तार पर एक नई योग अर्थव्यवस्था के बारे में बात की और योग पर्यटन के प्रति बढ़ते आकर्षण और लोगों की योग सीखने के लिए भारत आने की इच्छा का उल्लेख किया। इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के विषय है – स्वयं और समाज के लिए योग। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया योग को वैश्विक कल्याण के एक शक्तिशाली तंत्र के रूप में देख रही है।

शिमला–योग दिवस

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का राज्य स्तरीय समारोह शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर हुआ जिसमें राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और सैंकड़ों लोगों के साथ योगाभ्यास किया। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है और पूरा विश्व योग को अपना रहा है। उन्होंने कहा कि योग हमे प्राचीन संस्कृति, परम्परा और अध्यात्म से जोड़ता है। राज्यपाल ने सभी लोगों से योग को अपनी जीवन शैली का अभिन्न अंग बनाने का आहवान किया, ताकि वे शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकें। उन्होंने कहा कि योग हमारे जीवन की नकारात्मकता को दूर करने में मदद करता है और हमें प्रकृति के नजदीक लाता है।

नामांकन

प्रदेश में 3 विधानसभा क्षेत्रों में 10 जुलाई को होने वाले उप–चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का आज अंतिम दिन था। भाजपा और कांग्रेस सहित अनेक निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपने नामांकन दाखिल किए। इनमें देहरा विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर, भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह और हमीरपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर पुष्पिंदर वर्मा भी शामिल हैं। देहरा में नामांकन के समय कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर के साथ मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और पूर्व प्रत्याशी डॉक्टर राजेश शर्मा सहित अन्य पार्टी नेता मौजूद रहे। इस मौके पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी तीनों विधानसभा सीटों पर जीत हासिल करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कि पूर्व विधायक होशियार सिंह ने भाजपा के दबाव में इस्तीफा दिया है और लोगों पर उपचुनाव थोपा गया है। इस बीच भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह के नामांकन के समय विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर और पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर सहित अन्य पार्टी नेता मौजूद रहे। इस मौके पर जयराम ठाकुर और अनुराग ठाकुर ने भाजपा की जीत का दावा करते हुए राज्य सरकार पर हर मोर्चे पर विफल रहने का आरोप लगाया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार झूठ बोलकर सत्ता में आई है और हर चुनाव के समय कांग्रेस पार्टी लोगों से झूठे वायदे करती है।

उधर हमीरपुर से कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पिंदर वर्मा के नामांकन के समय मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह सहित अन्य पार्टी नेता मौजूद रहे। 24 जून को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और 26 जून तक प्रत्याशी अपने नाम वापिस ले

सकेंगे। तीनों विधानसभा क्षेत्रों में उप–चुनाव के लिए 10 जुलाई को वोट डाले जाएंगे जबकि मतगणना 13 जुलाई को होगी।

शूलिनी मेला

सोलन का 3 दिवसीय राज्यस्तरीय शूलिनी मेला आज पारंम्परिक रीति रिवाजों के साथ शुरू हुआ। स्वास्थ्य मंत्री धनी राम शांडिल ने माँ शूलिनी की सुसज्जित पालकी की अगुआई कर मेले का शुभारम्भ किया। उन्होंने ऐतिहासिक ठोडो मैदान में शूलिनी मंच पर आयोजित हवन में भी भाग लिया। धनीराम शांडिल ने कहा कि राज्यस्तरीय शूलिनी मेले का धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व है। मेले में आज से ही विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं शुरू हो गई हैं।

दुर्घटना

शिमला जिले में जुब्बल तहसील के कुड्डू के समीप चौड़ी कैंची में आज सुबह राज्य पथ परिवहन निगम की एक बस के गहरी खाई में गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई है जबकि 3 यात्री घायल हो गए। इनमें से 2 यात्रियों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि बस के चालक व परिचालक की अस्पताल ले जाते समय मृत्यु हो गई।

पर्यटक

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अन्य पर्यटन स्थलों पर इन दिनों सैलानियों का तांता लगा हुआ है। राजधानी शिमला में पिछले 20 दिनों में अढ़ाई लाख से अधिक पर्यटन वाहनों का आवागमन हुआ है। शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या के कारण एक ओर जहां लोगों को परेशानी हुई है वहीं यातायात पुलिस को भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने बताया कि पहली से 20 जून तक शिमला में साढ़े आठ लाख वाहनों ने प्रवेश किया है, जिनमें से अढ़ाई लाख वाहन बाहरी राज्यों के हैं।